# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

17 फरवरी 2026
मंगलवार




मैट्रिक परीक्षा आज से, कदाचार पर सख्त पहरा, डीएम-एसपी ने संयुक्त ब्रिफिंग में दी है जानकारी

2



## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर में फिर से खोले गए 14 टूरिस्ट स्पॉट

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा ने केंद्र शासित प्रदेश में बंद 14 टूरिस्ट स्पॉट को फिर से खोलने का ऐलान किया। लेफ्टिनेंट गवर्नर ने कहा कि पूरी सिक्योरिटी रिव्यू और चर्चा के बाद मैंने कश्मीर और जम्मू डिवीजन में और टूरिस्ट स्पॉट फिर से खोलने का ऑर्डर दिया है।कश्मीर डिवीजन में 11 टूरिस्ट स्पॉट - यूसमर्ग, बडगाम में दूधपथरी, कोकरनाग में दांडीपोरा पार्क, पीर की गली, शोपियां में दुबजान और पड़पावन, श्रीनगर में अस्तनपोरा, ट्यूलिप गार्डन, थजवास ग्लेशियर, गंदेरबल में हंग पार्क और बारामूला में वुलर/वतलाब को फिर से खोला जाएगा। वहीं जम्मू डिवीजन में 3 टूरिस्ट स्पॉट- रियासी में देवी पिंडी, रामबन में माहू मंगत और किश्तवाड़ में मुगल मैदान आम पब्लिक के लिए ओपन होंगे। घूमने वाली इन जगहों को पिछले साल अप्रैल में हुए पहलगाम अटैक के बाद से बंद कर दिया गया था। इस आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिसमें से 25 टूरिस्ट थे।

### पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ित की बेटी को मिलेगी सरकारी नौकरी

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार को पुणे नगर निगम के कमिश्नर को एक अहम निर्देश दिया। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले संतोष जगदाले की बेटी असावरी जगदाले को सरकारी नौकरी में शामिल करने के लिए कहा है। शिंदे के कार्यालय ने एक बयान जारी कर इस बात की जानकारी दी।पिछले साल 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने हमला किया था। इस हमले में संतोष जगदाले सहित 26 लोगों की मौत हो गई थी। इस हत्याकांड के बाद राज्य सरकार ने महाराष्ट्र के छह पीड़ितों के परिवारों को 50 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने का ऐलान किया था। साथ ही उनके किसी करीबी रिश्तेदार को सरकारी नौकरी देने का वादा भी किया था। हमले के दस महीने बीत जाने के बाद भी असावरी को नौकरी नहीं मिली थी।

# हमें पांच साल में वो करना है, जो दूसरे देश 20 साल में करते हैं : राजनाथ सिंह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को अगली पीढ़ी के एयरो इंजन के विकास में तेजी लाने की अपील की और कहा कि देश के पास समय कम है। अगर किसी इंजन के विकास में आमतौर पर 25 साल लगते हैं, तो यह मानकर चलें कि 20 साल बीत चुके हैं और अब हमारे पास केवल पांच साल बचे हैं। रक्षामंत्री ने विशेषज्ञों व शोधकताओं से कहा, अगर किसी इंजन को विकसित करने में 25 साल लग रहे हैं, तो भारत की मौजूदा स्थिति , हमारी रणनीतिक जरूरत और हमारी महत्वाकांक्षा ऐसी हैं कि आप मानकर चलिए कि आपके 20 साल पहले ही



खत्म हो चुके हैं और अब सिर्फ पांच साल ही आपके पास बचे हैं। यह कोई अचरज वाली बात नहीं है, यह एक चुनौती है। हमें पांच साल में वो कर दिखाना है, जो दूसरे देश 20 साल में करते हैं। इसी में हमें अपना सर्वश्रेष्ठ देना है। उन्होंने कहा कि हमें भविष्य की तरफ भी देखना होगा। हम सिर्फ 5वीं पीढ़ी के इंजन तक सीमित नहीं रह सकते। छठी पीढ़ी की एडवांस टेक्नोलॉजी का विकास भी हमें जल्द से जल्द शुरू करना होगा। उस पर रिसर्च , समय की मांग है। जैसे-जैसे दुनिया में टेक्नोलॉजी बदल रही है, आर्टिफिशियल मशीन लर्निंग और न्यू मटीरियल का प्रयोग बढ़ रहा है, हमें उनमें आगे रहना होगा। उन्होंने यहां मौजूद वैज्ञानिकों एवं शोधकताओं से कहा कि आप इंग्लैंड के साथ एयरो इंजन विकसित करने के लिए संयुक्त अध्ययन कर रहे हैं। यह बहुत अच्छी पहल है। इसके अलावा, फ्रांस के साथ भी, एयरो इंजन के लिए, हम नेशनल एयरो इंजन मिशन के तहत प्रक्रिया शुरू कर चुके हैं। फ्रांस और यूके, दोनों ही देश एयरो इंजन टेक्नोलॉजी में बहुत आगे रहे हैं। उनके साथ यह समझौता हमें न सिर्फ नई टेक्नोलॉजी सीखने का मौका देगा बल्कि उन चुनौतियों को भी समझने में सहायता करेगा, जिनका हमने पिछले दशकों में सामना किया है।

## ट्रेड एग्रीमेंट भारत की बढ़ती आर्थिक और राजनीतिक शक्ति की स्वीकार्यता

उन्होंने बताया कि यह समझौता 18 वर्षों से नहीं हो पा रहा था, वह अब पूरा हो गया। यह ट्रेड एग्रीमेंट भारत की बढ़ती आर्थिक और राजनीतिक शक्ति की स्वीकार्यता भी है। रक्षामंत्री ने कहा कि अभी कुछ दिन पहले ही, वह ग्रीक के रक्षामंत्री से मिले थे। उस बातचीत के दौरान, उन्हें एक बहुत सुखद सरप्राइज मिला। दरअसल इस मुलाकात में ग्रीक के रक्षामंत्री ने साफ शब्दों में कहा कि वह भारत को एक उभरती हुई ताकत के तौर पर नहीं, बल्कि एक सुपर पावर की तरह देख रहे हैं। उनकी नजर में भारत अब कोई साधारण राष्ट्र नहीं, बल्कि एक ग्लोबल लीडर है।

# गुजरात के 32 स्कूलों में बम की धमकी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

गुजरात के 32 स्कूलों में ईमेल के जरिए बम की धमकी दी गई है। वडोदरा के 17 और अहमदाबाद के 15 स्कूल शामिल हैं। ईमेल में लिखा गया कि गुजरात खालिस्तान बन जाएगा, हिंदुस्तान टुकड़ों में बंट जाएगा। जानकारी सामने आते ही पैरेंट्स तुरंत स्कूल पहुंचे और बच्चों को वापस ले आए। बम निरोधक दस्ते ने स्कूलों में तलाशी शुरू कर दी है। फिलहाल स्कूलों को खाली करा लिया गया है और वाहनों व स्कूल परिसरों की जांच की जा रही है। एहतियात के तौर पर वडोदरा के उर्मी स्कूल के छात्रावास को भी खाली करा लिया गया है।वडोदरा पुलिस कमिश्नर नरसिम्हा कुमार ने बताया कि टीचर्स और स्टूडेंट को स्कूलों से घर भेज दिया गया है। 9 स्कूलों पर जांच पूरी हो चुकी है, बाकी जगह जारी है। साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है। पूरे मामले की जांच की जाएगी। हम पता लगा रहे हैं कि ईमेल किस आईडी से और कहां से भेजा गया है। नैनीताल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। वकील अपने-अपने चेंबर से दौड़कर बाहर आए ' जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भगवत प्रसाद ने बताया कि अभी ऑल इंडिया जजेज एसोसियेशन के ई-मेल पर एक मेल आया है, जिसमें एक बजे तक जिला कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी।

## 300 से ज्यादा कंपनियों ने पेश किए इनोवेशंस

# पीएम मोदी ने एआई समिट इम्पैक्ट का किया उद्घाटन



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में आज 16 फरवरी से दुनिया के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी इवेंट में से एक 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका औपचारिक उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने इवेंट में शामिल हुए स्टार्टअप्स के पवेलियंस में जाकर उनके इनोवेशंस की जानकारी ली। ये इवेंट 20 फरवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में चलेगा। समिट के साथ-साथ 'इंडिया अक इम्पैक्ट एक्सपो 2026' का भी आयोजन किया जा रहा है। यहां दुनियाभर की कंपनियां अपने लेटेस्ट अक सॉल्यूशंस को दुनिया के सामने पेश करेंगे। यहां आम लोग देख सकेंगे कि एआई असल जिंदगी में कैसे काम करता है और भविष्य में अकसे खेती, सेहत और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में क्या बदलाव लाने वाला है। इंडिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इम्पैक्ट समिट के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जियो के अक पवेलियन का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जियो द्वारा विकसित विभिन्न अक आधारित मॉडलों और समाधानों की जानकारी ली। उप्रधानमंत्री ने जियो इंटेलिजेंस, जियो संस्कृति एआई, जियो आरोग्य अक, जियो शिक्षा और जियो अक होम जैसे मॉडलों को देखा। इन मॉडलों का उद्देश्य एंटरप्राइज इंटेलिजेंस, भारतीय भाषाओं और सांस्कृतिक सामग्री, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा समाधान और स्मार्ट होम बेस्ड अकसुविधाओं को सुलभ बनाना है। इस मौके पर रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड के चेयरमैन आकाश अंबानी ने कंपनी द्वारा विकसित किए जा रहे अक इकोसिस्टम और उसके विभिन्न आयामों की जानकारी प्रधानमंत्री को दी।

### पीएम मोदी बोले- दुनियाभर से आए लोगों का स्वागत

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा कि आज से दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट शुरू हो रही है। मैं इस समिट में हिस्सा लेने आए दुनिया भर के नेताओं, बड़े बिजनेसमैन, इनोवेटर्स, पॉलिसी बनाने वालों, रिसर्चर्स और टेक्नोलॉजी के जानकारों का दिल से स्वागत करता हूं। इस समिट की थीम 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' यानी 'सबका भला और सबकी खुशी' है। यह इंसानियत की तरक्की के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करने के हमारे साझा संकल्प को दिखाती है।

### जल्द शुरू होगा क्रिएट इन इंडिया मिशन : अश्विनी वैष्णव

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में केंद्रीय रेल और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार जल्द 'क्रिएट इन इंडिया' मिशन शुरू करेगी। यह उद्योग, रोजगार और भविष्य केंद्रित पहल होगी। इसका मकसद भारत को वैश्विक स्तर पर पसंदीदा प्लेटफॉर्म बनाना और भविष्य के लिए तैयार टैलेंट पाइपलाइन तैयार करना है।केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एआई के दुरुपयोग, गलत सूचना और डीपफेक के खतरे पर चिंता जताई है। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में उन्होंने कहा कि सरकार मीडिया में एआई के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए कानूनी सुरक्षा ढांचा तैयार कर रही है। उन्होंने बताया कि डीपफेक और भ्रामक कंटेंट से निपटने के लिए भारत 30 से अधिक देशों के मंत्रियों के साथ तकनीकी और कानूनी समाधान पर बातचीत कर रहा है। सरकार एआई से बने कंटेंट पर वॉटरमार्क और लेबल अनिवार्य करने के लिए सख्त नियम लाने की दिशा में काम कर रही है।

# राजस्थान में अवैध पटाखा फैक्ट्री में धमाका : 8 लोग जिंदा जले, 4 गंभीर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राजस्थान के भिवाड़ी की केमिकल फैक्ट्री में अचानक तेज धमाका हुआ। इसमें 8 मजदूर जिंदा जल गए, जबकि 4 गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें दिल्ली एम्स रेफर किया गया है। शव बुरी तरह जल गए थे। कई शवों के कंकाल भर बचे थे। बॉडी पार्ट्स के टुकड़े बिखरे मिले। रेस्क्यू टीम ने इन टुकड़ों को पॉलीथीन में इकट्ठा किया। हादसा खुशखेड़ा कारौली इंडस्ट्रियल एरिया में सोमवार सुबह करीब 9.30 बजे हुआ। फैक्ट्री मैनेजर अभिनंदन को



हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। फैक्ट्री को सील कर दिया है। उएसपी मनीष कुमार ने बताया- मरने वालों के परिजनों की ओर से फैक्ट्री मालिक और जो फैक्ट्री चला रहा था, उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है।हादसे में बिहार के मोतीहारी के सुजंत, मिंटू, अजीत, रवि और चंपारण जिले के रहने वाले श्याम और अमरेश की मौत हो गई। वहीं शिव शशिभूषण कहां का रहने वाला है, इसका पता नहीं चला।

# मां, बहन और भाई छत पर बना रहे थे बम हो गया धमाका, 2 की मौत के बाद जांच शुरू

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर के बाहरी इलाके सुंदरपदा में हुए जोरदार विस्फोट मामले में एक बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। सुंदरपदा में 27 जनवरी की शाम को हुए इस धमाके का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसने धमाके की तीव्रता को साफ दिखा दिया है। फुटेज में देखा जा सकता है कि विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि आसपास के इलाके में जोरदार झटका महसूस किया गया और लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। जानकारी के मुताबिक, यह धमाका उस समय हुआ जब एक मकान की छत पर विस्फोटक सामग्री बनाई जा रही थी। अचानक हुए इस विस्फोट में कुल 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सभी घायलों को तुरंत पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान दो लोगों की मौत हो गई। बाकी की हालत गंभीर बताई गई है।घटना वाले दिन मौके पर पहुंचे डीसीपी जगमोहन मीणा ने कहा था कि मुख्य आरोपी शाहनवाज मलिक जो इसमें घायल हुआ है। उसका अपराधिक रिकॉर्ड रहा है। यह घटना देख कर समझ आ रहा है कि कोई अपराध करने के लिए ये लोग यहां विस्फोटक बना रहे थे। विस्फोटक बनाते वक्त यह धमाका हुआ है। धमाके के कारण 4 लोग घायल हुए हैं। शाहनवाज मलिक, उसकी मां, उसकी बहन और उसका एक दोस्त अमित रंजन मलिक इस धमाके में घायल हुए हैं। सभी को कैपिटल अस्पताल भेजा गया। प्राथमिक इलाज के बाद वे प्राइवेट अस्पताल भेजे गए।







# रघुनाथपुर में उमड़ा आस्था का सैलाब, महाशिवरात्रि पर ऐतिहासिक आयोजन

- **शिव बारात, महाआरती और भस्म आरती ने बांधा समां, हजारों श्रद्धालुओं की रही**



**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

फाल्गुन माह की महाशिवरात्रि पर ब्रह्मपुर प्रखंड का रघुनाथपुर गांव आस्था और उत्साह का केंद्र बन गया। तुलसी आश्रम स्थित महाकालेश्वर शिव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। जलाभिषेक और रुद्राभिषेक के लिए स्थानीय लोगों के साथ दूर-दराज के भक्त भी पहुंचे। हर-हर महादेव के जयघोष से मंदिर परिसर गूंजता रहा और पूरा इलाका शिवमय वातावरण में डूब गया। मंदिर के आसपास मेले जैसा दृश्य रहा, जहां पूजन सामग्री और प्रसाद की दुकानों पर दिनभर चहल-पहल बनी रही। दोपहर बाद निकली भव्य शिव बारात शोभायात्रा आयोजन का मुख्य आकर्षण रही। शिव-पार्वती की सजीव झांकी और महाकाल के रौद्र रूप की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। पारंपरिक वाद्ययंत्रों और भक्ति संगीत के साथ निकली बारात विभिन्न मार्गों से होते हुए दुर्गा मंदिर रघुनाथपुर स्टेशन पहुंची, जहां विधिवत द्वारपूजा संपन्न हुई। आयोजन में महिलाओं और युवाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही। शाम होते ही तुलसी विचार मंच के तत्वावधान में शिवगंगा सरोवर तट पर भव्य गंगा महाआरती का आयोजन किया गया। दशाश्वमेध घाट की तर्ज पर विद्वान अर्चकों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आरती संपन्न कराई गई। दीपों की जगमगाहट, शंखनाद और घंटियों की ध्वनि से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। उपस्थित श्रद्धालुओं ने आरती में शामिल होकर सामूहिक भक्ति का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया। महाआरती के उपरांत भगवान महाकाल का विशेष श्रृंगार और पारंपरिक भस्म आरती की गई। ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच हुई आरती ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी इस पावन स्थल पर ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन निरंतर होते रहेंगे, ताकि सनातन परंपरा की आस्था और आध्यात्मिक चेतना को नई पीढ़ी तक पहुंचाया जा सके।

# मैट्रिक परीक्षा आज से, कदाचार पर सख्त पहरा, डीएम-एसपी ने संयुक्त ब्रिफिंग में दी है जानकारी




- **17 से 25 फरवरी तक मैट्रिक परीक्षा, 25,489 परीक्षार्थी होंगे शामिल**
- **जूता-मोजा, मोबाइल और व्हाइटनर पर पूर्ण प्रतिबंध, 61 स्टैटिक दंडाधिकारी समेत भारी प्रशासनिक तैनाती**

**केटी न्यूज/बक्सर**

वार्षिक माध्यमिक (सैद्धान्तिक) परीक्षा 2026 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने पूरी ताकत झोंक दी है। 17 से 25 फरवरी तक आयोजित होने वाली परीक्षा को लेकर जिलाधिकारी साहिला एवं पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने संयुक्त रूप से जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र, बक्सर में अधिकारियों की ब्रीफिंग कर स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिले में इस बार कुल 25,489 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12.45 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर दो बजे से शाम 5.15 बजे तक संचालित होगी। परीक्षा केंद्रों का मुख्य द्वार परीक्षा शुरू होने के आधा घंटा पूर्व बंद कर दिया जाएगा। यानी प्रथम पाली के लिए प्रवेश सुबह 8.30 बजे से शुरू होकर नौ बजे बंद होगा, जबकि द्वितीय पाली में प्रवेश दोपहर एक बजे से शुरू होकर 1.30 बजे बंद कर दिया जाएगा।

### 30 से अधिक परीक्षा केंद्र, हर स्तर पर निगरानी

बक्सर अनुमंडल में बक्सर हाई स्कूल (रामरेखा घाट), बीबी हाई स्कूल, नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय, राज्य संपोषित बालिका उच्च विद्यालय, एमवी कॉलेज, जननायक कपूर्री ठाकुर लॉ कॉलेज शिवपुरी, संत मैरी उच्च विद्यालय, इंदिरा हाई स्कूल, केके मंडल महिला कॉलेज, पीसी कॉलेज, एलबीटी कॉलेज, केदारनाथ डिग्री कॉलेज सहित कई विद्यालयों को केंद्र बनाया गया है।

वहीं डुमरांव अनुमंडल में राज प्लस टू हाई स्कूल, महारानी उषा रानी गर्ल हाई स्कूल, लीजेंड पब्लिक स्कूल, सेठ जयपुरिया स्कूल, सुमित्र महिला कॉलेज, डीके कॉलेज, संत जोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कैंब्रिज सीनियर सेकेंडरी स्कूल समेत अन्य शिक्षण संस्थानों में परीक्षा होगी।

परीक्षा संचालन के लिए 61 स्टैटिक दंडाधिकारी, 17 प्रश्न पत्र वितरण गश्ती दल दंडाधिकारी, 6 जोनल दंडाधिकारी और 4 सुपर जोनल दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। बक्सर और डुमरांव दोनों अनुमंडलों में दो-दो सुपर जोन बनाए गए हैं।

### दो स्तर पर ली जाएगी तलाशी, महिला परीक्षार्थियों के लिए विशेष व्यवस्था

परीक्षार्थियों की तलाशी दो स्तर पर की जाएगी। केंद्र के मुख्य गेट पर अनिवार्य फ्रिस्किंग की व्यवस्था रहेगी, जिसमें दंडाधिकारी और पुलिस बल तैनात रहेंगे। महिला परीक्षार्थियों के लिए महिला केंद्राधीक्षक एवं महिला वीक्षक की व्यवस्था की गई है। मोबाइल, ब्लूटूथ, पेजर, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, स्मार्ट वॉच, मैगनेटिक वॉच, व्हाइटनर और इरेजर लाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जूता-मोजा पहनकर आने वाले परीक्षार्थियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति परीक्षा समाप्ति से पहले नहीं होगी, हालांकि प्राकृतिक आवश्यकता के लिए केंद्र परिसर के भीतर शौचालय जाने की छूट रहेगी।

### होटल-लॉज पर नजर, फोटोस्टेट दुकानें रहेंगी बंद

इम्परसोनेशन और कदाचार पर अंकुश के लिए परीक्षा से पहले परीक्षार्थियों के ठहराव स्थलोंकृहोटल एवं लॉजकृपर भी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। थानाध्यक्षों को संदिग्ध गतिविधियों पर त्वरित कार्रवाई का आदेश मिला है। परीक्षा तिथियों में केंद्रों के आसपास की फोटोस्टेट दुकानों को परीक्षा समाप्ति तक बंद रखने का निर्देश अनुमंडल पदाधिकारियों को दिया गया है। सोशल मीडिया पर भी साइबर थाना और प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। आपत्तिजनक पोस्ट या अफवाह फैलाने वालों पर तत्काल कार्रवाई होगी।

### ट्रैफिक, बिजली, एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड अलर्ट मोड में

परीक्षा अवधि में ट्रैफिक जाम न हो, इसके लिए अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और यातायात पुलिस को विशेष जिम्मेदारी दी गई है। जिला अग्निशमन पदाधिकारी को बक्सर मॉडल थाना और डुमरांव थाना में एक-एक अग्निशमन वाहन चालू हालत में रखने का निर्देश दिया गया है। विद्युत आपूर्ति प्रमंडल को परीक्षा के दौरान निर्बाध बिजली सुनिश्चित करने का आदेश है। स्वास्थ्य विभाग को जिला नियंत्रण कक्ष, सदर अस्पताल बक्सर और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डुमरांव में एम्बुलेंस व चिकित्सक दल जीवनरक्षक दवाओं के साथ तैनात रखने को कहा गया है।

### नियंत्रण कक्ष 24 घंटे रहेगा सक्रिय

समाहरणालय परिसर स्थित जिला आपदा शाखा भवन में जिला नियंत्रण कक्ष सक्रिय रहेगा। इसका दूरभाष संख्या 06183-223333 है। नियंत्रण कक्ष के प्रभारी सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग निखिल कुमार को बनाया गया है। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट कहा है कि परीक्षा की निष्पक्षता से कोई समझौता नहीं होगा। प्रशासन की सख्ती से यह संदेश साफ है, बक्सर में इस बार मैट्रिक परीक्षा पूरी तरह कदाचारमुक्त माहौल में कराने की तैयारी मुकम्मल है।

## एक नजर

### चौसा नपं की आमदनी पर संकट, लगातार दूसरे साल सैरात बंदोबस्ती में नहीं लगी बोली

**चौसा।** नगर पंचायत चौसा की आय के प्रमुख स्रोत माने जाने वाले सैरातों की बंदोबस्ती एक बार फिर अधर में लटक गई है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सोमवार को आयोजित खुली डाक की प्रथम बैठक में एक भी बोलीदाता के नहीं पहुंचने से पूरी प्रक्रिया स्थगित करनी पड़ी। इससे नगर पंचायत की संभावित राजस्व प्राप्ति पर सवाल खड़े हो गए हैं। हॉट-बाजार, मछली बाजार और छोटे-बड़े भाड़े के वाहनों की सैरात की बंदोबस्ती को लेकर पहले से सूचना प्रकाशित की गई थी। इसके बावजूद इच्छुक प्रतिभागियों की अनुपस्थिति से कोरम पूरा नहीं हो सका। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष, दंडाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी और सशक्त समिति के सदस्य मौजूद रहे, लेकिन बोली प्रक्रिया शुरू ही नहीं हो सकी। कार्यालय की ओर से जारी सूचना के अनुसार अब द्वितीय तिथि 18 फरवरी निर्धारित की गई है, जब नगर पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में पुनः खुली डाक आयोजित होगी। कार्यपालक पदाधिकारी रानी कुमारी ने बताया कि इसके लिए दोबारा सूचना जारी कर दी गई है और अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। गौरतलब है कि पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 में भी कोरम पूरा नहीं होने से सैरात की बोली नहीं लग सकी थी, जिसके बाद विभागीय स्तर से राशि उगाही की गई थी। जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 में बस वाहनों की बंदोबस्ती 30 लाख 30 हजार रुपये और हॉट-बाजार की बंदोबस्ती 5 लाख 25 हजार रुपये में हुई थी। लगातार दूसरे वर्ष बोली प्रक्रिया में ठहराव से यह सवाल उठ रहा है कि आखिर बोलीदाताओं की दिलचस्पी क्यों घट रही है। यदि 18 फरवरी को भी स्थिति नहीं बदली, तो नगर पंचायत को वैकल्पिक व्यवस्था अपनानी पड़ सकती है, जिसका सीधा असर स्थानीय राजस्व और विकास योजनाओं पर पड़ना तय है।

### जमीन पर कब्जे की कोशिश में खैरा पट्टी में खूनी झड़प, पांच नामजद



**सिमरी।** सिमरी थाना क्षेत्र के खैरा पट्टी गांव में जमीन की घेराबंदी को लेकर शुरू हुआ विवाद अब आपराधिक मुकदमे में तब्दील हो गया है। आरोप है कि खरीदी गई जमीन पर कब्जे की नीयत से की जा रही घेराबंदी का विरोध करने पर एक व्यक्ति पर हमला कर दिया गया। मामले ने पूरे गांव का माहौल गर्म कर दिया है। जानकारी के अनुसार सिमरी दुधीपट्टी निवासी शिवबिलास राय ने पांच लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज शिकायत में तेज नारायण पांडेय, अंकित पांडेय, विवेक पांडेय, दयानंद पांडेय और जय गोविंद पांडेय को आरोपी बनाया गया है। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने खैरा पट्टी में चिरकूट पांडेय से विधिवत एक भूखंड की खरीदारी की थी। आरोप है कि उसी जमीन पर रात के अंधेरे में घेराबंदी की जा रही थी। सूचना मिलने पर जब शिवबिलास राय मौके पर पहुंचे तो पहले से मौजूद आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। शिकायत के मुताबिक, मारपीट में उनके पैर में गंभीर चोट आई और हाथ की एक अंगुली टूट गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि हमलावरों ने उनकी जेब से 20 हजार रुपये नकद और गले से सोने की चेन छीन ली। घायल को परिजनों ने तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति स्थिर बताई गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष ज्योति कुमारी ने बताया कि आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद गांव में तनाव व्याप्त है, हालांकि पुलिस की सक्रिय मौजूदगी से स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है।

# बक्सर में धूमधाम से मनाई गई प्रो. एस.के. मिश्रा की 82वीं जयंती, सड़क नामकरण की उठी मांग

**केटी न्यूज/बक्सर**

महान गणितज्ञ प्रो. एस.के. मिश्रा की 82वीं जयंती पर प्रो. एस.के. मिश्रा फाउंडेशन में दो दिवसीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। आयोजित इस समारोह में शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण को केंद्र में रखते हुए कई कार्यक्रम संपन्न हुए। पहले दिन मेदांता अस्पताल के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर की अध्यक्षता प्रो. महेश दत्त सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि आईपीएस शैशव यादव रहे। विशिष्ट अतिथि प्रो. कृष्णकांत सिंह ने प्रो. मिश्रा के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर जिला स्तरीय कैरम प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस अवसर पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। मेदांता के प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. श्रेयांस द्विवेदी के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने 138 मरीजों की जांच की तथा सीपीआर और मानसिक स्वास्थ्य जांच भी की गई। दूसरे दिन आयोजित मुख्य समारोह में पूर्व आईपीएस एवं बक्सर सदर विधायक आनंद मिश्रा ने तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने समाहरणालय रोड का नामकरण प्रो. एस.के. मिश्रा रोड करने का आश्वासन दिया। फाउंडेशन के सचिव डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित सभा में मेजर डॉ. पी.के. पांडे सहित कई गणमान्य लोगों ने पौधरोपण किया। वक्ताओं ने प्रो. मिश्रा को युगपुरुष और अजातशत्रु बताते हुए उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को प्रेरणादायी बताया। पूर्व छात्रों ने उन्हें बक्सर की शान करार दिया। कार्यक्रम का संचालन रोहतासवी साहब ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. निर्मल कुमार सिंह ने दिया।

# वाहन जांच में कार से 234 लीटर विदेशी शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**केटी न्यूज/सिमरी**

सिमरी अंचल अंतर्गत तिलक राय के हाता थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 234.72 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। इस दौरान एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया। कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए सघन वाहन जांच अभियान के दौरान की गई।



थानाध्यक्ष पूजा कुमारी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि यूपी की ओर से एक कार में भारी मात्रा में विदेशी शराब लादकर बिहार की सीमा में प्रवेश किया जा रहा है। सूचना मिलते ही थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चेकपोस्ट पर घेराबंदी कर सघन जांच शुरू कर दी। इसी क्रम में राजा के बगीचा के समीप संदिग्ध वाहन को रोका गया। तलाशी लेने पर कार से कुल 234.72 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान छोटका राजपुर निवासी मुन्ना यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में वाहन संख्या (जे.एच 10 यू 6039) की सत्यता की भी जांच की जा रही है। पुलिस को आशंका है कि वाहन का नंबर फर्जी हो सकता है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि यह केवल एक खेप नहीं, बल्कि संगठित नेटवर्क का हिस्सा प्रतीत हो रहा है। पुलिस पूरे नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि शराब की खेप कहां से लाई जा रही थी और जिले में किस स्थान पर इसे खपाने की योजना थी।

पुलिस का कहना है कि अवैध शराब तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है और संदिग्ध वाहनों की सघन जांच की जा रही है। मामले में आगे की जांच जारी है तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।




# होली-लग्न सीजन में रेलवे पर डबल दबाव, डुमरांव रूट पर सुरक्षा अलर्ट

**चार मार्च की होली और शादी-ब्याह के दौर ने बढ़ाई आवाजाही, जेनरल कोच में चरम भीड़, जीआरपी की सादे लिबास में तैनाती**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

होली और लग्न सीजन के संयुक्त प्रभाव ने इस बार रेलवे व्यवस्था की असली परीक्षा ले ली है। चार मार्च को होने वाली होली से पहले ही डुमरांव रूट पर लंबी दूरी की ट्रेनों में भीड़ चरम पर पहुंच गई है। दिल्ली, मुंबई, पंजाब और कोलकाता जैसे महानगरों से आने वाली ट्रेनों में स्लीपर व एसी कोच की सीटें पूरी तरह भर चुकी हैं, जबकि वेटिंग सूची लंबी होती जा रही है।

स्थिति सिर्फ आरक्षित डिब्बों तक सीमित नहीं है। जेनरल कोच में हालात और भी गंभीर हैं। खड़े होने की जगह तक नहीं बच रही। यात्री दरवाजों के पास, शौचालय के समीप या फर्श पर बैठकर सफर करने को मजबूर हैं। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह यात्रा किसी चुनौती से कम नहीं। होली के बाद वापसी की टिकटों में भी अभी से लंबी प्रतीक्षा सूची दिखाई दे रही है, जिससे यह स्पष्ट है कि दबाव दोनों ओर बराबर रहेगा। लग्न सीजन ने भी यात्रियों की संख्या बढ़ा दी है। शादी-ब्याह में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में लोग ट्रेनों का सहारा ले रहे हैं। इसका सीधा असर टिकट काउंटरों और ऑनलाइन बुकिंग पर दिख रहा है। तत्काल टिकट खुलते ही कुछ ही मिनटों में समाप्त हो जा रहे हैं। भीड़ को देखते हुए जीआरपी ने स्टेशन और ट्रेनों में सुरक्षा बढ़ा दी है। सादे लिबास में जवानों की तैनाती की गई है और प्लेटफॉर्म पर लगातार गश्त की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पर्व और शादी के मौसम में उचक्के सक्रिय हो जाते हैं, इसलिए यात्रियों को विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। रेलवे के लिए यह समय भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था की कसौटी साबित हो रहा है, जबकि यात्रियों के लिए घर पहुंचने की यात्रा धैर्य और संघर्ष की परीक्षा बन चुकी है।



# उमरपुर में बाल विवाह के खिलाफ अलख, नुक्कड़ नाटक से जागरूक हुए ग्रामीण

- **जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल, 15100 पर सूचना देने की अपील**

**केटी न्यूज/बक्सर**

सदर प्रखंड के ग्राम पंचायत उमरपुर के बड़का गांव में सोमवार को बाल विवाह उन्मूलन को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बक्सर के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में नुक्कड़ सभा और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को बाल विवाह की कुप्रथा के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया धनंजय मिश्रा ने की।



कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव नेहा दयाल उपस्थिति रही। वहीं बक्सर औद्योगिक थाना के प्रभारी सुरेश कुमार सिंह भी मौजूद रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि बाल विवाह न केवल सामाजिक बुराई है, बल्कि यह कानूनन दंडनीय अपराध भी है। इसे जड़ से समाप्त करने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है।

नुक्कड़ नाटक का मंचन आशा इकाई की सदस्य एवं पैनल अधिवक्ता दीपिका केशरी, राजेश कुमार तथा पीएलवी शत्रुघ्न सिन्हा, रामजी यादव, प्रमोद कुमार, कवींद्र पाठक, मनन कुमार सिंह और रामराज सिंह द्वारा किया गया। कलाकारों ने प्रभावी अभिनय के जरिए बाल विवाह से होने वाली शारीरिक, मानसिक और सामाजिक हानियों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि कम उम्र में विवाह से बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर गंभीर असर पड़ता है।

सभा के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी भी दी गई। प्राधिकरण की ओर से बताया गया कि यदि कहीं बाल विवाह की सूचना मिलती है तो इसकी जानकारी तुरंत प्रशासन, पुलिस या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को दें। इसके लिए 15100 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष, युवाओं और किशोरियों की सहभागिता रही। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा को समाप्त करने तथा अपने गांव को बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प लिया। आयोजकों ने उम्मीद जताई कि इस तरह के जनजागरण कार्यक्रमों से समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा और बाल विवाह पर प्रभावी रोक लग सकेगी।

## 13,708 संदिग्ध राशन कार्डों पर गिरेगी गाज, जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला आपूर्ति टॉस्क फोर्स की बैठक

# ई-केवाईसी में बक्सर अव्वल, पर 5 प्रखंड फिसड्डी जिलाधिकारी सहिला ने दी एक हफ्ते की डेडलाइन




**केटी न्यूज/बक्सर**

समाहरणालय सभाकक्ष में जिलाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में हुई जिला आपूर्ति टॉस्क फोर्स की बैठक में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की प्रगति और कमियों पर कड़ा मंथन हुआ। बैठक में साफ संदेश दिया गया कि पारदर्शिता और समयबद्धता से कोई समझौता नहीं होगा। ई-केवाईसी से लेकर राशन कार्ड निर्गमन और खाद्यान्न वितरण तक हर बिंदु पर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए।

जिले में अब तक 84.95 प्रतिशत लाभुकों का ई-केवाईसी पूरा हो चुका है, जिससे बक्सर राज्य में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। यह उपलब्धि सराहनीय मानी गई, लेकिन नावानगर, चौगाई, इटाढ़ी, चक्की और डुमरांव प्रखंडों की सुस्त रफ्तार पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। संबंधित प्रखंड आपूर्ति निरीक्षकों को एक सप्ताह के भीतर जिले के औसत से बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने का अल्टीमेटम दिया गया है।

### लंबित आवेदनों पर फटकार जल्द निष्पादन का आदेश

ऑनलाइन राशन कार्ड निर्गमन की समीक्षा में सामने आया कि प्रपत्र क के 4,295 और प्रपत्र ख के 1,394 आवेदन जांच के लिए लंबित हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी लंबित मामलों का नियमानुसार सत्यापन कर शीघ्र निष्पादन किया जाए, ताकि पात्र लाभुकों को अनावश्यक इंतजार न करना पड़े।

### 13,708 संदिग्ध कार्डों की होगी जांच

बैठक में संदिग्ध राशन कार्डों पर भी सख्त रुख अपनाया गया। अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर और डुमरांव समेत सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को 13,708 लाभुकों की पात्रता की जांच कर अपात्र पाए जाने पर विलोपन की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

### 25 फरवरी तक शत-प्रतिशत वितरण का लक्ष्य

राज्य खाद्य निगम, बक्सर के जिला प्रबंधक को निर्देश दिया गया कि फरवरी माह का खाद्यान्न 19 फरवरी तक डोर स्टेप डिलीवरी के जरिए सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के गोदाम तक पहुंचा दिया जाए। साथ ही 25 फरवरी तक शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने का लक्ष्य तय किया गया है। अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि वितरण में किसी प्रकार की लापरवाही पर जवाबदेही तय होगी।

### पीडीएस परख एप से निगरानी तेज

01 जनवरी से 14 फरवरी तक पीडीएस परख एप के माध्यम से जिले की 22.72 प्रतिशत जन वितरण प्रणाली दुकानों का निरीक्षण किया गया है। जिलाधिकारी ने रोस्टर के अनुसार सभी दुकानों की अनिवार्य जांच करने का निर्देश दिया। अनुमंडल पदाधिकारियों को टीपीडीएस और सीएमआर गोदामों में मिली अनियमितताओं पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

### मार्जिन मनी भुगतान पर उठे सवाल

बैठक में डीलर संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि उन्हें जून 2025 तक ही मार्जिन मनी का भुगतान हुआ है। इस पर राज्य खाद्य निगम के जिला प्रबंधक ने स्पष्ट किया कि जुलाई और अगस्त 2025 तक का आवंटन विभाग से प्राप्त हो चुका है और उसे सीएफएमएस पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। लेखापाल को विभाग भेजकर भुगतान प्रक्रिया के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया गया।

### पारदर्शिता और जवाबदेही पर जोर

बैठक का कुल संदेश साफ रहा कि पात्र लाभुकों तक समय पर खाद्यान्न पहुंचे और अपात्रों पर कार्रवाई हो। जिलाधिकारी ने कहा कि आपूर्ति व्यवस्था में पारदर्शिता, तकनीकी निगरानी और जवाबदेही को और सख्त किया जाएगा। आने वाले सप्ताह में प्रगति की पुनः समीक्षा कर ढिलाई बरतने वालों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

## एक नजर

### ट्रक चालक ने ग्रामीणों के साथ मिल की शिक्षक व भतीजे की पिटाई



**डुमरांव।** ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों पर तेज रफ्तार से ट्रक चलाने पर टोकना एक शिक्षक व उनके भतीजे को महंगा पड़ गया। ट्रक चालक ने अपने गांव के लोगों को बुलवा दोनों की जमकर पिटाई कर दी। उनकी पिटाई से शिक्षक के भतीजे की हालत गंभीर बनी हुई है तथा उनका एक हाथ भी टूट गया है। डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल से प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। जिसके बाद उनके स्वजन उसे लेकर इलाज के लिए पटना चले गए है। मिली जानकारी के अनुसार सिमरी थाना क्षेत्र के डुमरी गांव निवासी व डुमरांव प्रखंड के अरियांव मध्य विद्यालय के शिक्षक नंदजी सिंह सुबह में बाइक से स्कूल जाने के लिए निकले थे। वहीं, उनके भतीजा अभिषेक कुमार सिंह को पटना जाना था, वह भी अपने चाचा के साथ बाइक से ही डुमरांव स्टेशन तक आ रहा था। जैसे ही दोनों नीलामी मोड़ के पास पहुंचे कि एक ट्रक चालक काफी तेज रफ्तार से ट्रक चलाता हुआ खतरनाक तरीके से उन्हें ओवरटेक करने लगा। जिसके बाद शिक्षक ने ट्रक चालक को फटकार लगाई तथा कहा कि एक नेशनल हाईवे नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्र की सड़क है। इसी बात से नाराज ट्रक चालक उनके उलझ गया तथा अपने पक्ष के लोगों को बुलवा दोनों की जमकर पिटाई करवा दी। आस पास में मौजूद लोगों के हस्तक्षेप के बाद दोनों की जान बची तथा जख्मियों को अस्पताल पहुंचाया गया। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। शिक्षक के भतीजे की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं, इस घटना के बाद गुटीय तनाव कायम हो गया है।

### रफ्तार का कहर, चौसा में 64 वर्षीय महिला की टांग टूटी, सिस्टम पर उठे सवाल

**चौसा।** चौसा-बक्सर मार्ग एक बार फिर बेलगाम रफ्तार का शिकार बन गया। मुफस्सिल थाना क्षेत्र में दुर्गा मंदिर के पास सोमवार को तेज रफ्तार बाइक ने 64 वर्षीय उषा देवी को ऐसी टक्कर मारी कि उनका बायां पैर टूट गया। हादसा उस वक्त हुआ जब वे सड़क पार कर रही थीं। टक्कर के बाद बाइक सवार युवक खुद भी गिरा, लेकिन मामूली चोट के बावजूद मौके से बाइक लेकर फरार हो गया।स्थानीय लोगों की तत्परता से घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चौसा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घायल महिला नगर पंचायत क्षेत्र के निवासी रामाशंकर शर्मा की पत्नी बताई जा रही हैं। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। लेकिन यह महज एक सड़क हादसा नहीं, बल्कि लापरवाह यातायात व्यवस्था की पोल खोलने वाली घटना है। ग्रामीणों का आरोप है कि चौसा-बक्सर मार्ग पर दोपहिया और चारपहिया वाहन बेखौफ रफ्तार से दौड़ते हैं। हैरानी की बात यह है कि इसी मार्ग पर मध्य और उच्च विद्यालय भी स्थित हैं, जहां रोज सैकड़ों छात्र-छात्राएं आवाजाही करते हैं। बावजूद इसके न तो गति नियंत्रण के उपाय हैं, न ही स्पीड ब्रेकर की व्यवस्था। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल स्पीड ब्रेकर निर्माण और नियमित गश्ती की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या हर बार किसी की हड्डी टूटने या जान जाने के बाद ही व्यवस्था जागेगी। चौसा की यह सड़क अब सुरक्षा नहीं, खतरे का पर्याय बनती जा रही है।

## पंचायत स्तर पर प्रशासन की दस्तक, चंदा में 11 शिकायतें दर्ज, दो का त्वरित निपटारा

**केटी न्यूज/चक्की**

प्रखंड के चंदा पंचायत भवन में सोमवार को आयोजित जनता दरबार प्रशासनिक जवाबदेही और स्थानीय समस्याओं के त्वरित समाधान का मंच बनकर उभरा। गांव स्तर पर ही विभिन्न विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी ने लोगों को सीधे अपनी बात रखने का अवसर दिया। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, बिजली आपूर्ति, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और राशन कार्ड से जुड़े कुल 11 आवेदन दर्ज किए गए, जिनमें से दो मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। शेष नौ आवेदनों को संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए अग्रसारित किया गया।

पंचायत सचिव संतोष कुमार ने बताया कि जनता दरबार का उद्देश्य ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय के चक्कर से मुक्ति दिलाना और उनकी समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि कई मामलों में कागजी त्रुटियों या प्रक्रिया संबंधी जानकारी के अभाव में लोगों को अनावश्यक परेशानी झेलनी पड़ती है, जिसे इस पहल के माध्यम से कम करने का प्रयास किया जा रहा है।

इसी दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगाए गए शिविर ने भी ग्रामीणों को राहत दी। कुल 38 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें सामान्य बीमारियों से संबंधित परामर्श और आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गईं। चिकित्सकों ने मौसमी बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी भी दी।

जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की संयुक्त उपस्थिति से कार्यक्रम में पारदर्शिता का संदेश गया। ग्रामीणों ने इसे सकारात्मक पहल बताते हुए कहा कि यदि ऐसे आयोजन नियमित हों तो छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान में तेजी आएगी। पंचायत स्तर पर प्रशासन की यह सक्रियता ग्रामीण व्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है।

## 80 एमवीए ट्रांसफार्मर से मजबूत होगी बिजली व्यवस्था मेंटेनेंस वर्क में डुमरांव में दो दिन बाधित रहेगी आपूर्ति

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। 132/33 केवी ग्रिड उपकेन्द्र में 80 एमवीए क्षमता के नए ट्रांसफार्मर से आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी उन्नयन का कार्य शुरू किया गया है। इसी क्रम में 18 और 19 फरवरी को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित रूप से बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

इस दौरान सिमरी, बीएमपी-4 और प्रतापसागर फीडर से जुड़े क्षेत्रों में सप्लाई पूरी तरह बंद रहेगी। बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बढ़ती उपभोक्ता संख्या और लगातार बढ़ रहे लोड को देखते हुए ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि आवश्यक हो गई थी। पुराने सिस्टम पर दबाव अधिक होने से ओवरलोडिंग और बार-बार ट्रिपिंग की समस्या सामने आ रही थी, जिसे दूर करने के उद्देश्य से यह उन्नयन कार्य किया जा रहा है।




कोरानसराय प्रशाखा और नया भोजपुर सेक्शन के अभियंताओं के अनुसार, इस तकनीकी कार्य के तहत आवश्यक कनेक्शन, उपकरणों का समायोजन और सुरक्षा मानकों के अनुरूप परीक्षण किया जाएगा। कार्य के दौरान सुरक्षा कारणों से आपूर्ति बंद रखना अनिवार्य है।

विभाग का कहना है कि उन्नयन पूरा होने के बाद क्षेत्र में बिजली आपूर्ति अधिक स्थिर, सुचारु और सुरक्षित होगी। विशेषकर गर्मी के मौसम में बढ़ने वाले लोड के दौरान उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी और अनियोजित कटौती में कमी आएगी।

बिजली विभाग ने संबंधित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय को ध्यान में रखते हुए अपने जरूरी कार्य पहले ही निपटा लें। विभाग का प्रयास रहेगा कि कार्य समय पर पूरा कर शाम 4 बजे के बाद आपूर्ति बहाल कर दी जाए।

अधिकारियों ने इसे दीर्घकालिक सुधार की दिशा में अहम पहल बताते हुए उपभोक्ताओं से सहयोग की अपेक्षा जताई है।

# चौसा के संत पाल कॉन्वेंट स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न, बच्चों ने दिखाई जागरूकता की नई तस्वीर

- **साइबर क्राइम से लेकर धूम्रपान विरोध तक, वार्षिकोत्सव में प्रतिभा के साथ सामाजिक चेतना का छात्रों ने किया सशक्त प्रदर्शन**

**केटी न्यूज/चौसा**

चौसा के यादव मोड़ स्थित संत पाल कॉन्वेंट स्कूल का 16वां वार्षिकोत्सव इस बार सिर्फ रंगारंग प्रस्तुतियों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों को मंच के जरिए प्रभावी ढंग से उठाने के कारण चर्चा में रहा। कार्यक्रम ने यह साबित कर दिया कि नई पीढ़ी सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं, बल्कि समाज की चुनौतियों को भी समझ रही है। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि गीता प्रसाद मिश्रा इंटर कॉलेज के प्रधानाध्यापक अरुण मिश्रा सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण की प्रयोगशाला है, जहां शिक्षक बच्चों के भविष्य की मजबूत नींव रखते हैं।




कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुई, लेकिन असली आकर्षण वे प्रस्तुतियां रहीं जिनमें समकालीन विषयों को मंच पर जीवंत किया गया। कक्षा आठ के छात्रों द्वारा प्रस्तुत साइबर क्राइम पर आधारित नाटक ने डिजिटल युग की सच्चाइयों से रूबरू कराया। बच्चों ने ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल और सोशल मीडिया के दुरुपयोग जैसे विषयों को बेहद प्रभावशाली अंदाज में दिखाया, जिससे अभिभावकों और छात्रों दोनों को सतर्क रहने का संदेश मिला।

कक्षा नौ की छात्रा खुशी कुमारी ने भरतनाट्यम की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर भारतीय संस्कृति की झलक पेश की, तो वहीं काला चश्मा और पिगा डांस जैसे आधुनिक नृत्यों ने उत्सव में ऊर्जा का संचार कर दिया। वृद्धाश्रम और धूम्रपान पर आधारित नाटकों ने समाज की कड़वी सच्चाइयों को सामने रखते हुए भावनात्मक माहौल बना दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रीति दुबे ने की, जबकि संचालन अमित दुबे ने संभाला। समारोह में बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षक और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वार्षिकोत्सव ने यह संदेश स्पष्ट किया कि जब शिक्षा के साथ संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी जुड़ जाती है, तब मंच सिर्फ मनोरंजन का नहीं, बल्कि बदलाव का माध्यम बन जाता है।

# टेढ़की पुल के पास ट्रकों की भिड़ंत में एक ट्रक का चालक गंभीर, रेफर

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव-बिक्रमगंज राष्ट्रीय राजमार्ग-120 एक बार फिर लापरवाही और अव्यवस्था का गवाह बना। टेढ़की पुल के समीप सोमवार की अल सुबह करीब तीन बजे एक बालू लदा ट्रक खड़ी ट्रक में पीछे से जा भिड़ा। टक्कर इतनी भीषण थी कि चालक स्टेयरिंग में बुरी तरह फंस गया और केबिन पूरी तरह पिचक गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। हालात ऐसे थे कि सामान्य तरीके से चालक को निकालना संभव नहीं था। गैस कटर मंगाकर केबिन काटा गया, तब कहीं जाकर स्टेयरिंग में फंसे चालक को बाहर निकाला जा सका। घायल चालक की पहचान कोरान सराय थाना क्षेत्र के मुगांव निवासी मुन्ना कुमार उर्फ संतोष सिंह के रूप में हुई है। उसे तत्काल अनुमंडलीय



अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। फिलहाल उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। लेकिन सवाल सिर्फ एक हादसे का नहीं है। शहर में सड़क मरम्मत कार्य के कारण वाहनों को मलियाबाग-जगदीशपुर होकर बिहिया जाने का निर्देश दिया गया था। मरम्मत कार्य अभी अधूरा है, इसके बावजूद भारी वाहनों का परिचालन फिर से शुरू हो गया। नतीजा, अंधेरे और अव्यवस्थित यातायात के बीच यह हादसा। स्थानीय लोगों का कहना है कि डायवर्जन के निर्देश कागजों तक सीमित हैं। न तो पर्याप्त बैरिकेडिंग है, न ही रात में स्पष्ट संकेतक। खड़ी ट्रकों की लंबी कतारें और तेज रफ्तार भारी वाहन एनएच-120 को हादसों का कॉरिडोर बना रहे हैं।

प्रभारी थानाध्यक्ष मतेन्द्र कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि समय पर राहत कार्य होने से चालक की जान बच सकी। मगर बड़ा सवाल यही है कि जब मरम्मत अधूरी है तो भारी वाहनों को अनुमति किसने दी। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई, तो टेढ़की पुल अगली बड़ी दुर्घटना का इंतजार करता नजर आएगा।

# एसडीएम बोलें...जनता दरबार में फरियादियों को मिलेगा उनके हक का इंसाफ

- **समस्या से जुड़े 37 मामलों पर एसडीएम ने की सुनवाई**
- **दस मामलों का ऑनस्पॉट हुआ निष्पादन**



**केटी न्यूज/रोहतास**

बिक्रमगंज अनुमंडल कार्यालय के सभागार कक्ष में सोमवार को आयोजित जनता दरबार में प्रशासनिक सक्रियता साफ नजर आई। अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात कुमार ने दूर-दराज से पहुंचे फरियादियों की समस्याएं गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनीं तथा त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया। जनता दरबार में कुल 37 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें भूमि विवाद से संबंधित 13, राशन कार्ड से जुड़े 19 तथा अन्य मामलों के 5 आवेदन शामिल रहे। एसडीएम ने सभी मामलों की क्रमवार समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध और निष्पक्ष कार्रवाई का निर्देश दिया। एसडीएम प्रभात कुमार ने कहा, ह्लजनता दरबार आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान का सशक्त माध्यम है। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक फरियादी को न्याय मिले और किसी को भी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। भूमि विवाद एवं जन वितरण प्रणाली से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित किया जा रहा है ह्व उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि लंबित मामलों में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इधर,भूमि सुधार उपसमाहर्ता कार्यालय के सभागार कक्ष में भूमि सुधार उपसमाहर्ता संतोष कुमार ने भी जनता दरबार लगाकर भूमि संबंधी मामलों की सुनवाई की। यहां कुल 12 मामले प्रस्तुत हुए, जिनमें से 10 मामलों का मौके पर ही निष्पादन करते हुए फरियादियों को राहत दी गई। शेष दो मामलों में आवश्यक जांच कर शीघ्र कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। भूमि सुधार उपसमाहर्ता संतोष कुमार ने कहा, भूमि विवादों का त्वरित और पारदर्शी समाधान हमारी प्राथमिकता है। अधिकतर मामलों को ऑनस्पॉट निपटाने का प्रयास किया जाता है ताकि आम जनता को अनावश्यक परेशानी

न हो। दोनों जनता दरबारों में प्रशासन की तत्परता और जवाबदेही का संदेश स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। फरियादियों ने भी अपनी समस्याओं की सुनवाई से संतोष व्यक्त किया और इस पहल को जनहित में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# कार्रवाई : मानव तस्करी गिरोह का पुलिस ने किया पदार्फाश



- **महिला सहित चार आरोपी गिरफ्तार, एसडीपीओ ने की प्रेसवार्ता**

**केटी न्यूज/रोहतास**

अनुमंडल क्षेत्र से मानव तस्करी गैंग का पदार्फाश हुआ है। जहां गरीब परिवारों की लड़कियों को अच्छे घर में शादी कराने का झांसा देकर मानव तस्करी के जाल में फंसाया जा रहा था। इस मामले में बिक्रमगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि यह गिरोह गरीब और असहाय परिवारों को निशाना बनाकर उनकी बेटियों की शादी दूसरे राज्यों में कराने के नाम पर सौदेबाजी करता था। गिरफ्तार किए गए लोगों में राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के सवाईपुर निवासी दूल्हा निर्मल और उसके पिता रतनलाल शामिल हैं। इसके अलावा करगहर थाना क्षेत्र के सिमरिया निवासी संजय साह और उसकी पत्नी रूबी देवी को भी पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस के अनुसार, संजय साह और रूबी देवी स्थानीय स्तर पर दलाली का काम कर रहे थे और बाहर से आए लोगों के साथ मिलकर शादी की पूरी साजिश रचते थे। इनके पास से 20 हजार रुपये नकद भी बरामद किए गए हैं, जिसे पुलिस सौदेबाजी की रकम से जोड़कर देख रही है।

## शादी के बाद बदल जाएंगे हालात,ऐसा दिया गया लालच

बताया जाता है कि अकोढ़ीगोला थाना क्षेत्र के बाक गांव की रहने वाली एक युवती की शादी राजस्थान के भीलवाड़ा निवासी निर्मल लाल से कराई गई थी। लड़की और उसके परिजनों को यह भरोसा दिलाया गया था कि शादी के बाद युवती बिहार में ही अपने पति के साथ रहेगी और परिवार को आर्थिक सहयोग भी दिया जाएगा। लेकिन शादी संपन्न होने के बाद हालात बदल गए। आरोप है कि दूल्हा और उसके सहयोगी युवती को जबरन राजस्थान ले जाने की कोशिश कर रहे थे। जबरन घसीटकर ले जाया जा रहा था युवती को इसी दौरान बिक्रमगंज के तेंदुनी चौक के पास गश्ती कर रही पुलिस ने कुछ लोगों को आपस में खींचतान करते देखा। एक युवती को जबरन घसीटकर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने तत्काल हस्तक्षेप किया और सभी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। पूछताछ के दौरान पूरा मामला उजागर हो गया। युवती ने पुलिस को बताया कि उसे जबरन दूसरे राज्य ले जाया जा रहा था, जबकि उससे पहले यह आश्वासन दिया गया था कि वह अपने गृह राज्य में ही रहेगी। इस संबंध में युवती के आवेदन पर कुल 6 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। इनमें से चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि इस गिरोह का नेटवर्क कितने राज्यों तक फैला हुआ है और अब तक कितनी लड़कियों को इस तरह फंसाया गया है। हरियाणा और राजस्थान भेजी जाती थी लड़कियां : बिक्रमगंज के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिंधु शेखर सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह मामला मानव तस्करी से जुड़ा प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि इलाके की गरीब लड़कियों को अच्छे घर में शादी का प्रलोभन देकर हरियाणा और राजस्थान जैसे राज्यों में भेजा जाता है। वहां उन्हें जबरन गलत कार्यों में धकेले जाने की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता। पुलिस इस पूरे नेटवर्क की गहन जांच कर रही है।

# जैन कॉलेज का 84वां वार्षिकोत्सव सम्मेलन संपन्न



**केटी न्यूज/आरा**

हरप्रसाद दास जैन महाविद्यालय में सोमवार को 84वां वार्षिकोत्सव एवं पूर्ववर्ती छात्र संघ का 26वां सम्मेलन महाविद्यालय सभागार में आयोजित हुआ। समारोह की अध्यक्षता जयप्रकाश विश्वविद्यालय,छपरा के पूर्व कुलपति डॉ.दुर्गा विजय सिंह ने की। प्रधानाचार्य प्रो. डॉ.नरेंद्र कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन पूर्ववर्ती छात्र संघ के महासचिव डॉ.शशि कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद पूर्ववर्ती छात्र संघ द्वारा प्रकाशित स्मारिका शाहाबाद में उच्च शिक्षा एवं जैन कॉलेजह्व का विमोचन किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व एमएलसी डॉ. संजीव श्याम सिंह, बिहार विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. कन्हैया बहादुर सिन्हा, पूर्व प्रधानाचार्य प्रो. पारसनाथ सिंह, प्रो. चंद्रशेखर साहा तथा पद्मश्री डॉ. भीम सिंह भावेश सहित कई शिक्षाविद मौजूद रहे। संबोधन में प्रधानाचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार ने कहा कि 21 जनवरी 1942 को स्थापित यह महाविद्यालय उच्च शिक्षा का मानक रहा है और राज्य सरकार द्वारा इसे एक्सीलेंस शैक्षणिक संस्थान के रूप में चयनित किया जाना गौरव की बात है।

प्रो. कन्हैया बहादुर सिन्हा ने शाहाबाद क्षेत्र में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने पर जोर दिया, वहीं पूर्व एमएलसी डॉ. संजीव श्याम सिंह ने शिक्षा को रोजगारोन्मुख बनाने की आवश्यकता बताई। अवसर पर स्नातक स्तर पर कला में सरिता कुमारी,विज्ञान में तन्वी चंद्रा, वाणिज्य में ज्योति कुमारी तथा स्नातकोत्तर में कला संकाय में सिमरन-सौम्या, विज्ञान में आदित्य राज और वाणिज्य में प्रियंका कुमारी को टॉपर के रूप में सम्मानित किया गया।

# बिक्रमगंज के रेड लाइट एरिया में पुलिस की रेड, 4 महिलाएं समेत 6 हिरासत में

**केटी न्यूज/रोहतास**

बिहार के रोहतास जिले में अपराध नियंत्रण और अनैतिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए बिक्रमगंज पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाया है। सोमवार को बिक्रमगंज के धनगाई स्थित रेड लाइट एरिया में भारी पुलिस बल के साथ छापेमारी की गई। इस दौरान पुलिस ने मौके से चार महिलाओं और दो पुरुषों को हिरासत में लिया है। फिलहाल सभी को थाने लाकर उनसे गहन पूछताछ और उनके पहचान पत्र का सत्यापन किया जा रहा है। हिरासत में ली गई महिलाएं मुख्य रूप से शादी-विवाह और अन्य आयोजनों में आर्केस्ट्रा में नाच-गाने का काम करती हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि इस मोहल्ले में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोग बिना किसी ठोस पहचान के रह रहे हैं। एसडीपीओ सिंधु शेखर सिंह ने बताया कि यह पुलिस का एक रूटीन वर्क है, जिसका मुख्य उद्देश्य इलाके में रह रहे लोगों का डेटा तैयार करना



और यह सुनिश्चित करना है कि कोई अनैतिक कार्य या मानव तस्करी जैसी घटना न हो रही हो। बिक्रमगंज एसडीपीओ सिंधु शेखर सिंह के अनुसार, इस छापेमारी का मकसद उन लोगों की पहचान करना है जो दूर-दराज के इलाकों से आकर यहाँ बसे हुए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि "यह एक रूटीन चेकअप है ताकि एक डेटाबेस बनाया जा सके कि कौन लोग यहाँ रह रहे हैं। अभी तक किसी नाबालिग के शामिल होने या किसी संदिग्ध गतिविधि के पुख्ता प्रमाण नहीं मिले हैं। वेरिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस छापेमारी के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस की टीम जिला मुख्यालय से आए विशेषज्ञों के साथ मिलकर महिलाओं की काउंसिलिंग भी कर रही है ताकि यदि कोई जबरन इस दलदल में फंसा हो, तो उसे रेस्क्यू किया जा सके।

## एक नजर

### शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार

**राजपुर।** राजपुर पुलिस देसी महुआ शराब के साथ एक कारोबारी को पकड़ लिया। थानाध्यक्ष उमूस सलमा ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कपसिया निवासी स्वर्गीय रामनाथ राम के पुत्र सोनू कुमार को करीब 6.2 लीटर देसी महुआ शराब के साथ पुलिस ने पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया।

### पुलिस ने 10 लीटर शराब किया बरामद, कारोबारी फरार

**बिक्रमगंज।** नटवार पुलिस ने देसी महुआ शराब को घर से किया बरामद,लेकिन मामले में संलिप्त कारोबारी पुलिस की गिरफ्त से भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत तेनुअज टोला से पुलिस ने 10 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की है। उन्होंने बताया कि मामले में संलिप्त कारोबारी पुलिस की भनक मिलते ही घर के पिछले दरवाजे से भाग निकला। उन्होंने बताया कि फरार कारोबारी की पहचान करते हुए नामजद मामला दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है,जिसे जल्द गिरफ्तार किया जायेगा।

### एनबीडब्ल्यू का वारंटी गिरफ्तार

**बिक्रमगंज ।** नटवार पुलिस ने एक एनबीडब्ल्यू वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत नटवार बाजार निवासी अभिमन्यु कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट निर्गत था।

### पुलिस ने मारपीट के आरोपी को भेजा जेल

**काराकाट।** काराकाट थाना पुलिस ने एक लंबे समय से फरार मारपीट आरोपी को गुप्त सूचना के आधार पर उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि आरोपी काराकाट थाना क्षेत्र के चौगाई गांव निवासी स्व.रमजान अंसारी के पुत्र उस्मान अंसारी है। उसे इसी वर्ष दर्ज कांड संख्या 45/26 के तहत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने सोमवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी चौगाई गांव में छिपा हुआ है। पुलिस टीम ने तत्काल छापेमारी कर उसके घर से उसे दबोच लिया। आरोपी पर मारपीट का मामला दर्ज था, जिसके बाद वह फरार हो गया था। जिसे गिरफ्तारी के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया।

### शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**राजपुर।** थाना क्षेत्र के कपसिया गांव निवासी स्वर्गीय रामनाथ राम के बेटा सोनू कुमार को पुलिस ने छः लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष उमुस सलमा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान सोनु कुमार को शराब बेचते हुए रंगे हाथ दबोच लिया गया। मौके से 6.2 लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया गया। मामले में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया गया।

### मांग : बिहार सरकार के खिलाफ आज विश्वविद्यालय प्राध्यापक देंगे धरना

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अतिथि प्राध्यापक संघ मांगों को लेकर 17 फरवरी को पटना के गर्दनीबाग में देंगे धरना। संघ के अध्यक्ष डॉ. आदित्य कुमार आनन्द ने रविवार को हुई बैठक में बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन और राज्य सरकार को कई बार ज्ञापन सौंपने के बावजूद अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। जिसके कारण उन्हें सड़क पर उतरने का निर्णय लेना पड़ा है। अतिथि प्राध्यापक वर्षों से नियमित शिक्षकों की तरह ही शैक्षणिक दायित्व निभार हैं। लेकिन उन्हें न तो समुचित मानदेय मिल रहा है और न ही सेवा सुरक्षा। संघ के संरक्षक डॉ अमर कुमार का कहना है कि समान कार्य के लिए समान वेतन,सेवा नियमितीकरण की प्रक्रिया शुरू करने,बकाया मानदेय के भुगतान और स्पष्ट सेवा शर्तों की अधिसूचना उनकी प्रमुख मांगें हैं। साथ ही संघ ने कहा कि यदि सरकार और प्रशासन ने शीघ्र सकारात्मक पहल नहीं की तो आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से और तेज कर जरूरत पड़ने पर राज्यव्यापी आंदोलन और कक्षाओं के बहिष्कार जैसे कदम भी उठाए जा सकते हैं। मौके पर डॉ धनंजय राय, डॉ अशोक तिवारी, राकेश चौधरी, डॉ जुगल किशोर, डॉ कंचन कुमारी, डॉ अमरेश कुमार, डॉ रंजीत कुमार, डॉ शिवकांत, डॉ छाया कुमारी, डॉ मधु कुमारी, डॉ संगीता कुमारी मौजूद रहे।

### पर्यावरण संरक्षण पर विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**गडहनी।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पड़रिया में पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन विषय पर जागरूकता पर शैक्षणिक व रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना तथा बदलते जलवायु परिदृश्य के प्रति सजग बनाना था। जिसमें गतिविधियों के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता,निबंध प्रतियोगिता तथा क्विज प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण,जल बचाव, वृक्षारोपण एवं प्रदूषण नियंत्रण जैसे विषयों पर अपने विचार रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का समापन विद्यालय प्रधानाध्यापक ओमनारायण साह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित कर किया।

# आईजीआईएमएस में अब एआई से होगी मरीजों की जांच

## अस्पताल में मिलेगी डिजिटल हेल्थकेयर की सुविधा




**एजेंसी। पटना**

पटना स्थित इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (क्क्ष्ट्र) में मरीजों को बेहतर और सटीक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए एक नई पहल शुरू की गई है। अब अस्पताल में मरीजों के सटीक उपचार के लिए एआई आधारित जांच और इलाज की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।अस्पताल के अधीक्षक डॉ. मनीष मंडल ने सोमवार को मीडिया से बातचीत में बताया कि हाल ही में संस्थान में 164 बेड के आई हॉस्पिटल का निर्माण किया गया है। इसके अलावा मरीजों के लिए रोबोटिक्स फिजियोथेरेपी सेवा शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि रोबोटिक्स तकनीक के माध्यम से जनरल सर्जरी, यूरो सर्जरी, ऑन्को सर्जरी, गायनी सर्जरी समेत अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी शुरू करने की तैयारी की जा रही है। इससे जटिल सर्जरी अधिक सटीकता और कम समय में संभव हो सकेगी।राजधानी के प्रमुख अस्पतालों में शामिल इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में 1200 बेड का मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल भी निमार्णाधीन है। उम्मीद जताई जा रही है कि इस वर्ष दिसंबर तक इस नए अस्पताल की शुरूआत कर दी जाएगी। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, निमार्णाधीन अस्पताल में अत्याधुनिक आईसीयू और इमरजेंसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे मरीजों को उन्नत और बेहतर उपचार मिल सकेगा।संस्थान में वर्तमान में लगभग 1500 से 1700 बेड की सुविधा उपलब्ध है। हाल ही में 500 बेड वाले नए अस्पताल भवन का उद्घाटन किया गया है। इसमें फिलहाल 100 बेड पर मरीजों का इलाज शुरू हो चुका है, जबकि शेष 400 बेड को भी जल्द ही चालू करने की तैयारी है। इन सुविधाओं के शुरू होने से मरीजों को सभी प्रकार की चिकित्सीय सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध हो सकेंगी।

# पड़ाव शहीद बाबा सालाना उर्स के नई कमिटी गठित पर लोगों में खुशी

**केटी न्यूज/रोहतास**

नगर परिषद, बिक्रमगंज बिस्कोमान भवन स्थित पड़ाव शहीद बाबा के सालाना उर्स को लेकर हुई बैठक। आयोजित होने वाली कार्यक्रम की नई रुप रेखा निर्धारण करते हुए पुराने कमिटी को भंग कर नई उर्स कमिटी का गठन किया गया। जिसमें वार्ड सदस्य जसीम आलम को अध्यक्ष,वार्ड सदस्य अनवर फारूकी को उपाध्यक्ष,मुमताज उर्फ मिंटू राज को सचिव,वार्ड पार्षद सैफ हुसैन को उप सचिव एवं वार्ड पार्षद प्रतिनिधि नासिर खान को कोषाध्यक्ष के पद सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। सोमवार को सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से नव मनोनीत अध्यक्ष ने बताया कि इस बार कुरानखानी 16



अप्रैल को सुबह 6 बजे,लंगर शाम 4 बजे से जायरीन के आने तक और शाम 6 बजे चादरपोशी और 17 अप्रैल को शानदार कव्वाली का प्रोग्राम निर्धारित किया गया है। बैठक में पूर्व सभापति रब नवाज राजू ,पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि आलिम कुरैशी, पूर्व मुखिया साबिर हुसैन, मुखिया प्रतिनिधि मिक्की राज, मो.इरशाद खान,लड्डुन खान,सोनू खान,मुमताज अंसारी,फिरोज खान एंकर,फिरोज खान, असलम खान, नेहाल कोरैशी, अनवर खान एवं शमीम कुरैशी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में एडीबी के साथ उच्च स्तरीय बैठक

**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में आज एशियाई विकास बैंक के साथ एक उच्च स्तरीय रणनीतिक बैठक संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में वित्त, शिक्षा, जल संसाधन, कृषि, नगर विकास एवं आवास, नागरिक विमानन, पथ निर्माण, उद्योग, पर्यटन, युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित



करते हुए मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने एडीबी टीम का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बिहार अपनी आर्थिक और ढांचागत व्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों में बड़ी छलांग लगाने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने आश्वस्त किया कि एडीबी के साथ साझेदारी राज्य के लिए लाभकारी होगी और प्राप्त प्रस्तावों पर शीघ्र चर्चा की जाएगी।इस साझेदारी के तहत गया और मुजफ्फरपुर में एकीकृत क्लस्टरों के माध्यम से बिहार के विनिर्माण और लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम को मजबूत किया जाएगा। साथ ही पूंजीगत परिव्यय दक्षता और राजस्व संग्रहण में सुधार के लिए सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन में सुधारों पर भी विचार किया जाएगा। एडीबी प्रतिनिधियों ने कहा, बिहार के साथ हमारी रणनीतिक जुड़ाव उच्च-प्रभाव वाले, बहु-क्षेत्रीय समाधानों की ओर बढ़ रहा है। वैश्विक विशेषज्ञता को रियायती पूंजी के साथ जोड़कर, हमारा लक्ष्य बिहार को उच्च-उत्पादकता और नवाचार-प्रेरित अर्थव्यवस्था में बदलना है।

### एडीबी टीम का प्रस्तुतीकरण

बैठक में भारत के लिए अऊझ की कंट्री डायरेक्टर सु मियो ओका ने विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। इसमें बिहार सरकार के साथ साझेदारी के प्रमुख क्षेत्रों और परियोजनाओं को रेखांकित किया गया। प्रस्तावित प्रमुख परियोजनाएँ इस प्रकार हैं।

व्यापक बौद्ध सर्किट विकास
जल संसाधन और कृषि रूपांतरण परियोजना
व्यापक कौशल विकास परियोजना
चयनित शहरों के लिए शहरी बुनियादी ढांचा और लचीलापन परियोजना
नवीकरणीय ऊर्जा का विस्तार और ग्रिड एकीकरण को सुदृढ़ करना

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 25 लाख महिलाओं के खाते में भेजे 10-10 हजार रुपये



**एजेंसी। पटना**

बिहार में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 25 लाख महिलाओं के खाते में 10-10 हजार रुपये भेजे गए। सरकार ने डीबीटी के जरिए 2500 करोड़ ट्रांसफर किए। महिलाओं को कुल 2 लाख तक की सहायता मिलेगी। बिहार में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत राज्य की 25 लाख महिलाओं के बैंक खातों में 10-10 हजार रुपये की सहायता राशि भेजी गई है। यह राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से 16 फरवरी को सीधे लाभार्थियों के खातों में ट्रांसफर की गई। इस योजना के तहत सरकार ने कुल 2500 करोड़ रुपये महिलाओं को प्रदान किए हैं। राज्य सरकार का कहना है कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना है। सरकार चाहती है कि महिलाएं छोटे स्तर पर अपना व्यवसाय शुरू कर आर्थिक रूप से मजबूत बनें। योजना के तहत दी जाने वाली सहायता राशि महिलाओं को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने में मदद करेगी। राज्य के मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि बिहार देश का पहला राज्य है जहां महिलाओं को इस तरह सीधे उनके बैंक खातों में आर्थिक सहायता दी गई है। उन्होंने कहा कि कुछ तकनीकी या दस्तावेजी कारणों से जिन महिलाओं के खातों में पहले पैसा नहीं पहुंच पाया था या जिन्होंने देर से आवेदन किया था, उन 25 लाख महिलाओं के खातों में अब राशि भेज दी गई है। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिलाओं को कुल 2 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाएगी। यह राशि एक साथ नहीं बल्कि पांच अलग-अलग चरणों में प्रदान की जाएगी। पहले चरण में महिलाओं को 10 हजार रुपये दिए गए हैं। इसके बाद दूसरे चरण में 20 हजार रुपये दिए जाएंगे। तीसरे चरण में 40 हजार रुपये, चौथे चरण में 80 हजार रुपये और अंतिम चरण में 60 हजार रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी। इस तरह योजना के तहत कुल मिलाकर महिलाओं को 2 लाख रुपये तक का लाभ मिलेगा।सरकार का मानना है कि इस योजना से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों की महिलाएं लाभान्वित होंगी। महिलाएं इस राशि का उपयोग सिलाई, ब्यूटी पार्लर, डेयरी, पशुपालन, खाद्य प्रसंस्करण, छोटी दुकान या अन्य स्वरोजगार शुरू करने में कर सकती हैं। इससे न केवल महिलाओं की आय बढ़ेगी बल्कि उनके परिवार की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। मंत्री श्रवण कुमार ने राजनीतिक बयान देते हुए कहा कि चुनाव के दौरान कुछ विपक्षी दलों ने इस योजना को लेकर भ्रम फैलाने की कोशिश की थी। उन्होंने कहा कि जनता ने ऐसे दलों को जवाब देते हुए उन्हें केवल 35 सीटों तक सीमित कर दिया। उन्होंने दावा किया कि राज्य सरकार महिलाओं के विकास और सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रही है और आगे भी ऐसी योजनाएं जारी रहेंगी।सरकार का कहना है कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना के सफल क्रियान्वयन से महिलाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और राज्य के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को भी मजबूती मिलेगी।

### मुख्यमंत्री का संदेश और लाभार्थियों का अभिनंदन

*मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बड़ी संख्या में जुड़ीं सभी महिला लाभार्थियों का हार्दिक अभिनंदन करता हूँ। बहुत खुशी की बात है कि आज 'महिला रोजगार योजना' के तहत 25 लाख महिलाओं को दस-दस हजार रुपये की सहायता राशि भेजी जा रही है। कुल मिलाकर 1 करोड़ 81 लाख महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस योजना से कई महिलाओं ने अपनी पसंद का रोजगार शुरू किया है। जो महिलाएं अपना रोजगार अच्छे से करेंगी, उन्हें आगे 2 लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब जो परिवार बचे हैं, उन्हें भी जल्द ही सहायता राशि दी जाएगी।*

## एक नजर

### बिहार में दर्दनाक सड़क हादसे में मासूम बच्चे की मौत, गुस्साए लोगों ने सड़क पर किया भारी बवाल

**आरा।** भोजपुर के आरा-पटना फोरलेन पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में 8 वर्षीय बच्चे की जान चली गई। घटना शहर के टाउन थाना क्षेत्र के धनुपरा स्थित एक निजी अस्पताल के पास की है, जहां सड़क किनारे जा रहे बच्चे को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृत बच्चे की पहचान सिन्हा थाना क्षेत्र के गजियापुर गांव निवासी सोनू कुमार उर्फ सोनू बिंद के पुत्र कृष्ण कुमार (8 वर्ष) के रूप में हुई है। वह फिलहाल अपने परिवार के साथ धनुपरा में रह रहा था। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश देखने को मिला। गुस्साए लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर बच्चे के शव को सड़क पर रखकर जाम कर दिया। इस दौरान टायर जलाकर आगजनी भी की गई। करीब साढ़े तीन घंटे तक चले इस सड़क जाम के कारण आरा-पटना फोरलेन पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। सूचना मिलने पर टाउन थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने लोगों को शांत कराया और जाम हटवाकर यातायात बहाल कराया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और अज्ञात वाहन की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

### 2 साल से लापता नाबालिग बच्ची को रेल पुलिस ने परिवार से मिलाया, परिजनों में खुशी की लहर



**सीवान।** रेल पुलिस सीवान ने सराहनीय काम किया है। जिसकी चर्चा खूब हो रही है। रेल पुलिस ने दो साल पहले गुमशुदा नाबालिक बच्ची को उसके परिवार से मिलवाया। बेटी को सामने देख परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गयी। परिजनों ने इसके लिए रेल पुलिस को धन्यवाद दिया क्योंकि कि उन्हें उनकी बच्ची जो दो साल से लापता थी, उसे जीआरपी ने खोज निकाला और आज वह उनके पास है। दरअसल 2 साल पहले गुमशुदा लड़की की रिपोर्ट थाने में दर्ज की गई थी । मुजफ्फरपुर कार्यालय स्थित रेल पुलिस उपाध्यक्ष निधि कुमारी ने बताया कि सिवान जंक्शन पर एक लावारिस अवस्था में नाबालिग बच्ची प्लेटफार्म पर सो रही थी। तभी सीवान जंक्शन के रेल पुलिस द्वारा उस नाबालिक लड़की को बुलाकर पूछताछ की तो सिर्फ वह अपना नाम बता रही थी. लेकिन वह अपने घर और माता-पिता के नाम नहीं बता पा रही थी । तभी रेल पुलिस द्वारा बाल संरक्षण विभाग में इसको सौंप दिया गया। रेल पुलिस के बच्ची का फोटो लापता हेल्प डेस्क पर और सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। बच्ची के गुमशुदा का रिपोर्ट 04/04/2024 को दर्ज कराई गई थी। वायरल फोटो के माध्यम से मुजफ्फरपुर के सिकंदरपुर थाने में संपर्क किया गया। तभी उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के पुलिस अधिकारी और परिवार को बच्ची सुपुर्द किया गया। बच्ची को पाकर पूरा परिवार काफी खुश है और इसके लिए जीआरपी को

# गोपालगंज में एनआईए और बिहार एटीएस की टीम ने इंजीनियर को पकड़ा, पाकिस्तानियों के संपर्क में रहने का था आरोप



**एजेंसी। पटना**

गोपालगंज जिले के पंडितपुरा और विशुनपुरा गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया जब राष्ट्रीय जांच एजेंसी और बिहार एटीएस की संयुक्त टीम ने अचानक छापेमारी की। इस कार्रवाई में टीम ने एक स्थानीय इंजीनियर को हिरासत में लेकर कई घंटों पूछताछ की। गोपालगंज जिले के सिधवलिया थाना क्षेत्र के पंडितपुरा व विशुनपुरा गांव में सोमवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी व बिहार एटीएस की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। अचानक हुई इस छापेमारी से जिले में हड़कंप मच गया। टीम ने एक स्थानीय इंजीनियर को हिरासत में लेकर कई घंटों तक पूछताछ की। बाद में आवश्यक पूछताछ के उपरांत उसे मुक्त कर दिया गया।बताया जाता है कि जांच एजेंसी को संबंधित व्यक्ति के इंटरनेट मीडिया गतिविधियों को लेकर कुछ अहम इनपुट मिले थे। इसी आधार पर एनआईए व एटीएस की टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से उसके आवास पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान मोबाइल फोन, लैपटॉप व कुछ दस्तावेजों की जांच की गई। पूछताछ के क्रम में कई डिजिटल साक्ष्य भी एकत्रित किए गए हैं, जिन्हें आगे की जांच के लिए सुरक्षित रखा गया है।पुलिस सूत्रों का कहना है कि जिस इंजीनियर से पूछताछ की गई, उसके इंटरनेट मीडिया पर कुछ विदेशी संपर्क सामने आए हैं। प्रारंभिक जांच में पाकिस्तान समेत अन्य देशों से जुड़े अकाउंट्स के साथ संवाद की बात सामने आई है। हालांकि इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।गोपालगंज पुलिस ने मामले पर सीधी टिप्पणी करने से परहेज किया है। अधिकारियों का कहना है कि जांच केंद्रीय एजेंसी द्वारा की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई उसी स्तर से की जाएगी। इधर, छापेमारी की खबर फैलते ही आसपास के गांवों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं।

# कटिहार में 500 दुकानें जली, 10 करोड़ से ज्यादा का नुकसान, सिलेंडर ब्लास्ट से लगी भीषण आग

**एजेंसी। पटना**

बिहार के कटिहार जिले के कुसेर्ला प्रखंड स्थित हटिया बाजार में रविवार देर रात सिलेंडर ब्लास्ट के बाद भीषण आग लग गई। इस भयावह हादसे में 500 से अधिक दुकानें जलकर पूरी तरह राख हो गईं। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार इस आगजनी में कारोबारियों को करीब 10 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना में अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना की शुरूआत एक होटल में गैस सिलेंडर फटने से हुई। बताया जा रहा है कि रात के समय अचानक तेज धमाका हुआ और उसके बाद आग तेजी से फैलने लगी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और आसपास की दुकानों को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। आग इतनी भयावह थी कि उसकी लपटें लगभग 2 किलोमीटर दूर तक दिखाई दे रही थीं। घना धुआं फैलने से लोगों को सांस लेने में भी परेशानी



होने लगी। हादसे में कपड़े, मसाले, किराना, सब्जी समेत कई प्रकार की दुकानों को भारी नुकसान हुआ है। बाजार में लगी कई रेहड़ी और ठेला दुकानें भी आग की भेंट चढ़ गईं। आग लगते ही स्थानीय लोगों ने बाल्टी, पाइप और अन्य संसाधनों की मदद से आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग इतनी तेजी से फैल रही थी कि उस पर काबू पाना संभव नहीं हो सका। घटना के समय मौजूद प्रत्यक्षदर्शी विनोद ठाकुर ने बताया कि लगातार सिलेंडर ब्लास्ट हो रहे थे, जिससे स्थिति और भयावह होती जा रही थी। उन्होंने कहा कि आग की लपटें इतनी तेज थीं कि लोगों को अपनी जान बचाने के लिए भागना पड़ा। वहीं कपड़ा दुकानदार अनिल कुमार ने बताया कि उन्हें आग लगने की जानकारी तक नहीं मिली और देखते ही देखते उनकी पूरी दुकान जलकर राख हो गई। सब्जी विक्रेता विवेक ने भी बताया कि आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि किसी को कुछ समझ ही नहीं आ रहा था और लोग अपनी दुकानें छोड़कर जान बचाने में जुट गए। कुसेर्ला बाजार के कारोबारी चंदन कुमार साह ने बताया कि शाम करीब 7 बजे होटल में सिलेंडर ब्लास्ट हुआ, जिसके बाद पूरे बाजार में अफरा-तफरी मच गई। जब वे दुकान से बाहर निकले तो चारों तरफ आग फैल चुकी थी। वहीं एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी राजेश कुमार ने दावा किया कि आग में 500 से अधिक दुकानें जलकर खाक हो गईं और भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। आग लगने के बाद तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि दमकल की टीम समय पर नहीं पहुंच सकी। लोगों का कहना है कि सूचना देने के लगभग एक घंटे बाद छोटी दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची, जो संकरे रास्ते की वजह से घटनास्थल तक सही तरीके से नहीं पहुंच सकी। इसके कारण आग पर काबू पाने में काफी देर लगी।करीब 6 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड और स्थानीय प्रशासन की मदद से आग पर नियंत्रण पाया जा सका। घटना की सूचना मिलने के बाद जदयू विधायक विजय सिंह निषाद भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन से संपर्क कर आवश्यक निर्देश दिए गए। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने बताया कि संकरे रास्ते के कारण दमकल वाहनों को अंदर पहुंचने में परेशानी हुई, जिसे प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए रास्तों को चौड़ा और साफ रखने की योजना बनाई जाएगी। प्रशासन ने एंबुलेंस और पुलिस बल को भी मौके पर तैनात कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार फिलहाल जले हुए दुकानों का सर्वे कराया जा रहा है ताकि नुकसान का सही आकलन किया जा सके और प्रभावित व्यापारियों को सहायता दी जा सके। आग के बाद किसी भी संभावित शॉर्ट सर्किट से बचने के लिए रात में बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई है। बिजली विभाग की टीम जांच के बाद ही आपूर्ति बहाल करेगी।

# बिहार में बदल रहा मौसम : धूप तेज होने से बढ़ेगा तापमान, मौसम विभाग का अलर्ट



**एजेंसी। पटना**

बिहार के मौसम में इन दिनों लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। सुबह और शाम के समय जहां हल्की ठंड का एहसास बना हुआ है, वहीं दिन चढ़ते ही तेज धूप लोगों को गर्मी का एहसास कराने लगी है। तापमान में दिन और रात के दौरान लगातार उतार-चढ़ाव हो रहा है, जिससे लोगों की दिनचर्या और पहनावे में भी बदलाव देखने को मिल रहा है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि फिलहाल अगले दो दिनों तक राज्य में मौसम सामान्य रहने की संभावना है और अधिकतर जिलों में शुष्क मौसम के साथ आंशिक रूप से धूप बनी रहेगी। राजधानी पटना समेत गया और मुजफ्फरपुर सहित कई जिलों में सुबह के समय हल्की ठंडक महसूस की जा रही है। हालांकि जैसे-जैसे दिन आगे बढ़ता है, तेज और चुभन भरी धूप लोगों को गर्मी का एहसास कराने लगती है। दोपहर के समय तापमान में बढ़ोतरी के कारण लोग अब हल्के कपड़े पहनने लगे हैं। बाजारों में भी गर्मी के कपड़ों की मांग धीरे-धीरे बढ़ती दिख रही है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार पछुआ हवाओं की गति में कमी आने और आसमान साफ रहने के कारण सूर्य की किरणें सीधे धरती तक पहुंच रही हैं। यही वजह है कि दिन के समय तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार अगले एक सप्ताह के दौरान अधिकतम तापमान में लगभग 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होने का अनुमान है। इसके साथ ही न्यूनतम तापमान भी धीरे-धीरे बढ़ेगा, जिससे रातें पहले की तुलना में कम ठंडी हो जाएंगी। मौसम विभाग का कहना है कि फिलहाल राज्य में किसी बड़े मौसम परिवर्तन या वर्षा की संभावना नहीं है। शुष्क मौसम के कारण दिन में गर्मी और रात में हल्की ठंड बनी रह सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकार का मौसम परिवर्तन फरवरी और मार्च के बीच सामान्य रूप से देखा जाता है, जब सर्दी धीरे-धीरे समाप्त होती है और गर्मी का प्रभाव बढ़ने लगता है।स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भी इस बदलते मौसम को लेकर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। तापमान में अचानक बदलाव के कारण सर्दी-खांसी, बुखार और वायरल संक्रमण जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। डॉक्टरों का कहना है कि सुबह और शाम के समय हल्की गर्म कपड़े पहनना जरूरी है, जबकि दिन में मौसम के अनुसार कपड़े चुनने चाहिए। इसके अलावा पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और संतुलित आहार लेने की सलाह भी दी जा रही है। कृषि क्षेत्र पर भी मौसम के इस बदलाव का असर देखने को मिल सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि साफ आसमान और बढ़ती धूप रबी फसलों के लिए फिलहाल अनुकूल मानी जा रही है। गेहूं और अन्य फसलों की वृद्धि के लिए यह मौसम लाभकारी हो सकता है, लेकिन तापमान में अत्यधिक बढ़ोतरी होने पर फसलों पर नकारात्मक प्रभाव भी पड़ सकता है। इसलिए किसानों को मौसम विभाग के अपडेट पर नजर बनाए रखने की सलाह दी गई है। आने वाले दिनों में यदि तापमान में इसी तरह बढ़ोतरी जारी रहती है, तो राज्य में गर्मी का प्रभाव जल्द महसूस होने लगेगा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार मार्च के पहले सप्ताह से ही गर्मी का असर और स्पष्ट दिखाई देने लगेगा। फिलहाल लोगों को बदलते मौसम के अनुसार अपनी दिनचर्या और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है।

# महाबोधि एक्सप्रेस में चढ़ने के दौरान दो यात्रियों की मौत

**एजेंसी। गयाजी**

बिहार के गया जंक्शन रेलवे स्टेशन पर सोमवार को एक दर्दनाक हादसे में दो यात्रियों की मौत हो गई। घटना प्लेटफॉर्म नंबर 6 की है, जहां नई दिल्ली जाने वाली महाबोधि एक्सप्रेस में चढ़ने के दौरान दोनों यात्री ट्रेन के नीचे आ गए। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई और शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गए। मृतकों की पहचान जहानाबाद जिले के डेहरी थाना क्षेत्र निवासी सरयू प्रसाद (पिता- गनौरी साहब) और गया जिले के बाराचट्टी थाना क्षेत्र के भगहर निवासी खालिद आलम (पिता- खुर्शीद आलम) के रूप में हुई है। दोनों के पास मिले आधार कार्ड से उनकी पहचान की गई। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। रेलवे सूत्रों के अनुसार, ट्रेन संख्या 12397 महाबोधि एक्सप्रेस वाशिंग पिट से प्लेटफॉर्म पर लगाई जा रही थी। इसी दौरान जनरल कोच में सीट पाने की होड़ में यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करने लगे। आरपीएफ और जीआरपी के जवान यात्रियों को रोक रहे थे, लेकिन अफरातफरी के बीच दो यात्री प्लेटफॉर्म से फिसलकर ट्रैक पर गिर पड़े और ट्रेन की चपेट में आ गए। घटना के बाद रेलवे अधिकारियों में हड़कंप मच गया। कमर्शियल विभाग, चेकिंग स्टाफ, रेल थाना और आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। ट्रैक से शव हटाने के बाद ट्रेन का परिचालन शुरू कराया गया, लेकिन हादसे के कारण महाबोधि एक्सप्रेस करीब 50 मिनट देरी से रवाना हुई।